# तीन दिनों से कतार में किसान, नहीं बिक रही उपज

## मौहारी सायलो प्लांट पर गेहूं खरीदी में अव्यवस्था



नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. समर्थन मूल्य पर किसानों के अनाज को खरीदने के लिए इस वर्ष देर से शुरू हुई सरकार की गेहूं खरीदी व्यवस्था किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। पूरे जिले भर का किसान अपनी उपज बेंचने के लिए परेशान है।**

हैरान वाली बात तो यह है कि कछुआ चाल से हो रही इस खरीदी को देखने वाला कोई नहीं है। जिले के सबसे बडी खरीदी केन्द्र में सुमार गेहूं खरीदी मौहारी स्थित स्टील सायलो प्लांट को ही ले लें तो यहां पर किसानों की दो किमी से ऊपर की लाइन लगी हुई है। चार से पांच दिन बीत जाने के बाद भी किसान अपनी उपज नहीं बेंच पाएं हैं। चाहे दिन हो या रात वह अपने वाहन में बैठकर ही अपनी बारी आने का इंतजार सड़क में वाहन खड़ा कर के कर रह हैं। बताया गया है कि इस बार मौहारी स्थित स्टील सायलो प्लांट में पांच समितियों को जोडने् के बाद स्थिति और अधिक अव्यवस्थित हो गई है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए तीन से पांच दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है। एक ही स्थान पर कई गांवों के किसानों के पहुंचने से अव्यवस्था बढ़ गई है। आलम यह है कि खरीदी केंद्रों के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रकों की दो से तीन किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं।

### नहीं शुरू हुई खरीदी

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जिले में गेहूं खरीदी के कुल 80 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 18 केंद्रों पर अभी तक खरीदी शुरू नहीं हो सकी है। सर्वर डाउन और स्लॉट बुक न हो पाने के कारण विशेष रूप से सायलो में बने केंद्रों पर अधिक अव्यवस्था देखी जा रही है। खैर इस तरह के हालत अधिकांश जगहों की खरीदी केन्द्रों में है। किसानों का कहना है कि खरीदी तो किसी तरह से सरकार कर रही है लेकिन रुचि उस तरह की नजर नहीं आ रही जिस तरह की दिखा करती थी।

### स्थानीय लोगों का दबदबा

नागौद ब्लॉक के मौहारी स्थित अडानी सायलो में बने खरीदी केंद्र के हाल यह है कि यहां केंद्र तक पहुंचने वाले तीनों रास्तों पर दो-दो किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें हैं। यह भी बताया जा रहा है कि सायलो में स्थानीय लोगों का दबदबा है। खैर यह बात तो सिस्टम की हुई लेकिन मानवीय बात तो यह है कि अन्नदाता फसल उगाने से लेकर अपनी फसल को बेंचने तक में उसे सिर्फ परेशानी का ही सामना करना पड़ता है।

# स्टैंड में सुविधा तलाशते यात्री, न पानी,न प्रसाधन

## बस मालिकों की चुप्पी में कैद यात्रियों को मिलने वाली सुविधा



नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. शहर के पुराने बस स्टैंड में इन दिनों यात्रियों को पीने के पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। बस स्टैंड में यात्रा करने के लिए दूर- दूर से आने वाले लोग घंटों बसों का इंतजार करते है लेकिन जब उन्हें प्यास लगती है तो पानी की कोई व्यवस्था नजर नहीं आती है ।**

यात्रियों ने बताया पानी पीने के लिए यात्रियों को अपने पैसों से खरीदना पड़ता है। बस स्टैंड में न तो वाटर कूलर है और न ही ठंडे पानी की कोई व्यवस्था है यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ता हैं। बस स्टैंड में चारों तरफ फैले कचरे और खुली नालियों से यात्रियों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ता हैं जिससे बस स्टैंड में खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ जाती है। हैरानी की बात ये है कि यहां सुलभ शौचालय बना हुआ है, लेकिन इसके बावजूद लोग खुले में बाथरूम करने को मजबूर या लापरवाह नजर आते हैं। इससे न सिर्फ गंदगी फैल रही है, बल्कि संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

गौरतलब है कि तापमान में बढ़ोतरी हो रही है ऐसे में बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था बहुत जरूरी है। इस बस स्टैंड से सतना से भोपाल, इंदौर, प्रयागराज, पुणे, गुजरात, ग्वालियर, लखनऊ, रीवा, पन्ना, सीधी, कटनी, कैमोर जैसे कई बड़े शहरों के लिए बसों का संचालन होता है। हर दिन यहां से हजारों यात्री सफर करते हैं। छोटे व्यापारियों द्वारा बस स्टैंड के अंदर ही दुकानें लगाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिसके चलते बसों के निकलने में भारी दिक्कत होती है और कई बार जाम जैसी स्थिति बन जाती है।

### खरीदने पर ही मिलेगा पानी

लोगों ने बताया कि ने बताया कि बस स्टैंड में पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। यहां लगे नल और पानी की सुविधा काफी समय से बंद पड़ी है, लेकिन इस ओर नगर निगम द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते यात्रियों को पानी खरीदने या प्यासे सफर करने को मजबूर होना पड़ता है। नगर निगम द्वारा सफाई व्यवस्था पर भी पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण वहां से बदबू निकलती रहती है जिससे हमें कई बीमारियां होती है।

# रनेही हत्या के मुख्य आरोपी सहित चार गिरफ्तार

## एक नाबालिग भी शामिल, एक फरार, तलाश जारी



नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. जिले के कोठी थाना क्षेत्र के रनेही गांव में शादी समारोह में हुए खाने के विवाद ने ऐसा खूनी संघर्ष लिया कि खाना बनाने वाले हलवाई ने ही साथियों के साथ मिलकर विवाद करने वाले युवक को चाकू घोंपकर हत्या कर दी.**

जिसे सहित कोठी पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया, जिसमें एक नाबालिग भी शामिल है। वहीं फरार एक आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी मुताबिक एक मई को फरियादी भवानी प्रसाद डोहर पिता सुंदरलाल डोहर निवासी गौरा मेदनीपुर थाना सिविल लाईन की रिपोर्ट पर लेख किया गया कि रात 2.45 बजे करीब रोहित और मोहित के साथ मोटरसायकिल से वापस गांव जा रहा था और जैसे ही रनेही तालाब हनुमान मंदिर के पास पहुंचे वैसे ही पहले से घात लगाए दो अलग-अलग मोटरसायकिलों में 5 लोगों ने रास्ता रोककर रोहित डोहर को गाली इसी बीच हलवाई का काम करने वाले सतीष ने पीछे आकर चाकू मार दिया, इसके बाद दो-तीन चाकू और मारा बीच बचाव करने पर भवानी और मोहित से भी मारपीट कर आरोपी भाग गए। रक्तरंजित रोहित डोहर पिता संदरलाल डोहर 24 वर्ष निवासी गौरा थाना सिविल लाईन को अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फरियादी भवानी की रिपोर्ट पर कोठी पुलिस अपराध धारा 103 (1), 296(बी),115 (2),126 (2), 351(3), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जिसके बाद पुलिस की अलग-अलग चार टीमे बनाकर और सायबर सेल की मदद लेकर टीमो को रवाना किया गया। वहीं मुखबिरो की मदद से जगह-जगह आरोपियो के ठिकने के संभावित स्थानो पर लगातार दविश दी गयी और घटना कारित करने वाले पांच मे से चार आरोपियो को अलग-अलग स्थानो से पकडा गया। वहीं एक फरार आरोपी की तलास जारी है। पकड़े गए चारो आरोपियों को कोठी पुलिस शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हे अदालत द्वारा जेल भेज दिया गया।

### ये पकड़े गए आरोपी

हत्या करने वाले आरोपियों में गौरीशंकर वर्मा पिता चुनकावन वर्मा 32 वर्ष सुजवाल नई बस्ती थाना सभापुर जिला, सतीष डोहर पिता शिवकुमार डोहर 20 वर्ष निवासी गौरा थाना सिविल लाईन, अमर चौधरी पिता राजेश चौधरी 20 वर्ष निवासी सुजवाल नई बस्ती थाना सभापुर एवं एक नाबालिग शामिल है। वहीं घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया।

# तीन चोर, तीन बाइक समेत गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. उचेहरा थाना पुलिस ने तीन शातिर चोरों को तीन मोटरसायकिल समेत गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।**

मिली जानकारी मुताबिक पुलिस को मुखिबर मिली कि 25 मई 2025 को नया टोला उचेहरा से चोरी गई हीरो स्पेलेंडर मोटर सायकल एमपी 19 एमक्यू 8085 को नया टोला निवासी राजाभईया चौधरी चला रहा है। सूचना पर गिरफ्तार कर पुलिस उससे पूछताछ की तो अपने साथी अनित चौधरी के साथ घटित करना बताया जिसके बताए अनुसार अनित चौधरी को भी गिरफ्तार किया गया पूछतांछ पर अनित 1 वर्ष पूर्व बकिया बांध थाना रामपुर बघेलानसे भी बिना नंबर की हीरो स्पेलेंडर मोटर सायकल चोरी करना बताया। दोनो आरोपियों ने पूछताछ करने पर तीसरे आरोपी गुलशन खान (बदला नाम) के साथ मिलकर बिहटा से स्पेलेंडर मोटर सायकल एवं माह फरवरी में गोबरांव कला के मेले से एक मोटर सायकल चोरी करना बताया गया।

# अवैध शराब बेचते पति गिरफ्तार पत्नी फरार

▸ 60 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. मैहर जिले में पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत ताला थाना पुलिस ने सफलता हासिल की है।**

पुलिस ने मैहर जिले के ग्राम ललितपुर में दबिश देकर 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की है। वही एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसकी पत्नी की तलाश जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार रात्रि लगभग 10ः00 बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम ललितपुर सोसायटी के पास नहर किनारे अजय कुमार केवट और उसकी पत्नी अवैध हाथ भट्ठी की शराब बेचने की फिराक में हैं। सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम को देखकर ही एक व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान अजय कुमार केवट (28 वर्ष) के रूप में दी। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने और उसकी पत्नी ललिता केवट ने मिलकर यह शराब बनाई थी। कार्यवाही के दौरान आरोपी के कब्जे से चार प्लास्टिक के डिब्बों में भरी कुल 60 लीटर अवैध शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 12,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शराब जप्त कर आरोपी अजय कुमार केवट को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया , आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 134/26, धारा 34(2) म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। फरार महिला आरोपी ललिता केवट की तलाश की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में फुटबॉल खिलाड़ी घायल



नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. रामपुर बाघेलान हनुमानगंज वार्ड क्रमांक एक निवासी फुटबॉल खिलाड़ी 21 वर्षीय अंशुमान सिंह राठौर पिता सुधीर सिंह राठौर का 1 मई शुक्रवार को शाम 7ः30 बजे सड़क दुर्घटना में घायल हो** गए। बताया गया है कि अंशुमान बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 19जेडएल 1376 से रामपुर बाघेलान से हनुमानगंज जा रहे थे तभी बीच पुल में रीवा की ओर से आने वाली बोलेरो क्रमांक एमपी19जेडबी 6346 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी वजह से अंशुमान के दोनों हाथ दोनों पैर, सिर, सीने में चोटें आईं हैं, बताया गया है कि बाएं कंधे के पास गंभीर चोट है कंधा फैक्चर हो गया है।

इस हादसे में घायल का इलाज जिला चिकित्सालय सतना में चल रहा है। ज्ञात हो कि अंशुमान सिंह का अभी हाल ही में इंडियन फुटबॉल लीग में खेलने के लिए चयन हुआ था। रामपुर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फरार नाबालिग बलात्कारी गिरफ्तार भेजा गया संप्रेषण गृह

## उचेहरा थाना पुलिस की कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**सतना,2 मई. घूमने फिरने के बहाने ले जाकर लड़की से बलात्कार कर फरार नाबालिग आरोपी को उचेहरा पुलिस गिरफ्तार कर बाल संप्रेषण गृह रीवा भेजवा दिया।**

घटना के संबंध में मिली जानकारी मुताबिक 15 अप्रैल को फरयादिया एक्स निवासी खूझा थाना उचेहरा आकर रिपोर्ट किया कि वह अपने मामा की गांव करूवा आती-जाती थी, उसी गांव के एक भईया अनुज कुशवाहा द्वारा टेगना गांव निवासी आदर्श कुशवाहा (बदला नाम) का मोबाईल नंबर दिया गया। जिसके बाद मोबाइल पर बात होने लगी तब आदर्श फरयादिया को पसंद होना व शादी के लिए तैयार होने से 10 अप्रैल को लगभग शाम 7 बजे वह फोन कर रोड पर मिलने के लिए बुलाया तो उससे चली गयी थी और उसके द्वारा साथ चलने के लिए बोलने पर मना करने पर वह बोला कि घूम फिरकर लौट और घर छोंड देंगे। इस बहाने वह मोटर सायकिल में बैठाकर अमरपाटन ले जाकर किराए के कमरे में ले जाकर गलत काम किया। इसके बाद 12 अप्रैल को रात में अपने घर टेगना ले जाकर फिर गलत काम किया और 14 अप्रैल को वह घर छोड़कर भाग गया। अपने साथ हुए दुष्कर्म की घटना पीड़िता द्वारा परजनों को बताई और थाना आकर रिपोर्ट करने पर थाना उचेहरा में अपराध धारा 150/26 धारा 137(2), 87, 65 (1) बीएनएस 5/6 पास्को एक्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया और आरोपी को गिरफ्तार करने पुलिस टीम रवाना कर तलाश की गयी। इस दौरान शुक्रवार को मुखिबर सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में छिपा है।

# कट्टा तलवार लहराने वाले दो बदमाश हुए गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, , 2 मई. राह चलते लोगों को अवैध कट्टा कारतूस एवं तलवार से डराने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार कर उचेहरा पुलिस सलाखों के पीछे पहुंचा दिया।**

मिली जानकारी मुताबिक पुलिस को सूचना एक व्यक्ति स्टेडियम के पास पानी टंकी के सामने 12 बोर का कट्टा लिए हुए लोगों को डरा रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा घेराबंदी कर पकडा एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम सागर चौधरी पिता गोविंद प्रसाद चौधरी 21 वर्ष निवासी नया टोला उचेहरा बताया और तलासी लेने पर उसके पास 12 बोर का कट्टा एवं 1 नग जिंदा कारतूस जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जहां अपराध क्रमांक 169/26 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया। दूसरी घटना की सूचना पर बसहा तिराहा आम रोड पर हाथ में लोहे की तलवार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा धमकाने वाले आरोपी को पकडने् का प्रयास किया गया तो वह पुलिस को देख कर भागने लगा तथा तलवार को छिपा रहा था िजसे घेराबंदी कर पकडा गया एवं नाम पता पूछने पर राजा उर्फ अनिकराज चौधरी पिता अजय कुमार चौधरी 18 वर्ष छतुरी टोला उचेहरा होना बताया। तलासी लेने पर कमर मे दाहिने तरफ लोहे का तलवार मिली, जिसे जब्त कर थाने लाया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 170/26 धारा 25(बी) आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया। गिरफ्तार किए गए दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया।

## कक्षा 9वीं, 11वीं की द्वितीय परीक्षा 3 जून से

**सतना 02 मई.** प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

# मूकबधिर के साथ दुष्कर्म का दूसरा आरोपी भी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. जिले के सभापुर थाना क्षेत्रान्तर्गत पगार कला में एक मूक बधिर लड़की के साथ दुष्कर्म करने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस उसे भी जेल भेजवा दिया। वहीं दो फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।**


जबकि एक मुख्य आरोपी पहले ही जेल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी मुताबिक 29 अप्रैल को चार लोगों द्वारा एक मूकबधिर लडकी के साथ दुष्कर्म किए जाने पर थाना सभापुर में प्रकरण पंजीबद्ध कर पुलिस टीम द्वारा तत्काल एक आरोपी किशन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं फरार दूसरे आरोपी अभयनंद द्विवेदी को भी कल गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे भी जेल भेज दिया गयाद्ध। प्रकरण के 2 फरार आरोपी विकास उर्फ गोलू गुप्ता और अमन उर्फ रवि गुप्ता दोनो निवासी ग्राम बिहरा थाना कोटर की के ऊपर ईनाम घोषित कर तलाश की जा रही है और आरोपियों की संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जा रही है इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शंखधर द्विवेदी, उप निरीक्षक अशोक गर्ग, स.उप निरीक्षक करण सिंह, प्रधान आरक्षक रामबहादुर साकेत, देवेन्द्र सिंह, आरक्षक अमोद शर्मा, शुभम सिंह, सुमेर सिंह, अमितेष जायसवाल, मोहित प्रजापति, महिला आरक्षक मोनिका मवासे आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में



### स्टेट कराते चैंपियनशिप में 3 स्वर्ण और 3 रजत

**सतना .** मध्य प्रदेश कराते एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित एमपी स्टेट सब जूनियर, कैडेट एवं जूनियर गर्ल्स-बॉयज स्टेट कराते चैंपियनशिप के पहले दिन जिले के 6 खिलाड़ियों ने भाग लेकर 3 स्वर्ण और 2 रजत पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। वहीं जिले के आर्यन प्रताप ने कैडेट 50 किलो से कम भार की फाइट और मानस शुक्ला ने जूनियर काता वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। धैर्य कुशवाहा ने जूनियर वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। तीनों ही खिलाड़ी वर्तमान में मध्य प्रदेश मार्शलआर्ट्स एकेडमी में प्रैक्टिस कर रहे हैं।



### लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

**सतना ।** लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स सतना द्वारा से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा के तहत आज शनिवार को श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी, जोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन,पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन संतोष कुमार सक्सेना,लायन जितेन्द्र गर्ग,लायन कृष्ण कुमार द्विवेदी,राजेश श्रीवास्तव,अशोक त्रिपाठी,मिथलेश पाण्डेय,कमल कांत पाण्डेय,प्रकाश सेन , ध्रुव कुमार पाण्डेय,सुकीर्त त्रिपाठी,सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।

# नैक मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय को बेस्ट यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट अचीवमेंट्स अवार्ड



नवभारत न्यूज


**सतना, 2 मई. नैक ( राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ) से मान्यता प्राप्त एकेएस विश्वविद्यालय, सतना ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए बेस्ट यूनिवर्सिटी प्लेसमेंट अचीवमेंट्स अवार्ड प्राप्त किया है।**

यह सम्मान विश्वविद्यालय की ओर से मार्केटिंग हेड श्री अविनाश मिश्रा एवं रीजनल हेड श्री अशोक मिश्र ने हैदराबाद में तेलंगाना सरकार के परिवहन एवं आदिवासी कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर के हाथों ग्रहण किया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सफल प्लेसमेंट, उद्योग जगत से मजबूत साझेदारी और रोजगारोन्मुख शिक्षा पद्धति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को व्यावहारिक कौशल, औद्योगिक अनुभव और बेहतर करियर अवसरों से जोड़ते हुए एक सशक्त पहचान स्थापित की है।

## नेशनल लोक अदालत 9 को

**सतना 02 मई.** सतना जिले में 9 मई 2026 (शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में विद्युत संबंधी मामलों में उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से लंबित प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाएगा।

### मधुलिमये का जीवन सादगी और संघर्ष से परिपूर्ण था : सुरेंद्र



**सतना .** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने देश के प्रख्यात समाजवादी चिंतक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय मधुलिमये की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि देश की राजनीति में सुचिता, समर्पण, संघर्ष और सादगी से परिपूर्ण राजनेता थे .

### जिले में धूमधाम से मनाया गया लाड़ली उत्सव-2026

**मैहर .** कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शनिवार को पूरे जिले में 'लाड़ली उत्सव 2026' धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय पर्यटक सूचना केंद्र में आयोजित किया गया।




# विन्ध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

▸ पदाधिकारियों ने कहा विन्ध्य के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे




नवभारत न्यूज

**सतना, 2 मई. प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में नियुक्त किये गए विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति, उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी एवं डॉ अजय सिंह का सतना प्रथम आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।**

नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में जिला भाजपा कार्यालय में एक परिचयात्मक बैठक का भी आयोजन किया गया जहाँ पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे की अध्यक्षता, सतना निगम के महापौर योगेश ताम्रकार, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नरेंद्र त्रिपाठी एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार की विशेष मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हम लोगों को जिस आशा और विश्वास के साथ जो दायित्व सौंपा है हम उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि विन्ध्य के विकास में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उपाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने कहा कि हम पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर विन्ध्य के विकास की एक कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्य करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडेय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सबके लिए यह गर्व का विषय है कि कार्यकर्ताओं के बीच काम करने वाले लोगों को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।